Directorate of Skill Development & Industrial Training, Haryana
Plot No. : IP-2, KaushalBhawan, Sector-3, Panchkula, Haryana
0172-5229202 Email id :adt5.dith@gmail.com

केवल ई–मेल द्वारा

सेवा में

प्रधानाचार्य/वर्ग अनुदेशक इन्चार्ज,
सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एंव
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला (हरियाणा राज्य में)।
यादी क्र0 T-1/Online Admission/2025-26/Trg.-5/ 16516
दिनांकः– 12/09/2025

विषयः– सत्र 2025–26 में संस्थान स्तर पर 'ऑन दा स्पॉट' दाखिले के लिए तिथि बढ़ाने बारे।

उपरोक्त विषय पर निदेशालय के पत्र क्र0 T-1/Admission/2025-26/15112 दिनांक 29.08.2025 तथा डी0जी0टी0 भारत सरकार के पत्र क्र0 DGT-Aff011/1/2025/-O/o DIR (TC) [671015] दिनांक 15.09.2025 (प्रति सलंग्न) के संदर्भ में।

आपको अवगत करवाया जाता है कि उक्त पत्र द्वारा डी0जी0टी0 भारत सरकार ने राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले की तिथि 30.09.2025 तक बढ़ा दी गई है। प्राप्त आदेशों की अनुपालना हेतू औ0 प्रशि0 सस्थानों में रिक्त रह गई सीटों के प्रति दाखिला पोर्टल पर नये आवेदन 13.09.2025 से तथा दाखिला 15.09.2025 से 30.09.2025 तक करते हुए संस्थान स्तर पर 'ऑन दा स्पॉट' दाखिला किया जा सकता है।

आपको निर्देश दिये जाते है कि दाखिला कार्यवाही पूर्व में जारी किये गये दिशा–निर्देशों एंव निर्धारित कार्यक्रम अनुसार करना सुनिश्चित करे। केवल दाखिला पोर्टल पर निर्धारित तिथि से पहले आनॅलाईन दाखिला फीस जमा करवाते हुए अपलोड हुआ दाखिला ही वैध माना जाएगा। इसके उपरांत यदि कोई दाखिले बारे क्लेम करता है तो वह स्वीकार्य नहीं होगा तथा दाखिला वैध नहीं माना जाएगा।

उपरोकत के अतिरिक्त आपको यह भी निर्देश दिये जाते है कि यदि सत्र 2025–26 में दाखिल प्रशिक्षणार्थी निश्चित तिथि तक अथवा उसके उपरांत भी संस्थान में रिपोर्ट नहीं करता और लगातार संस्थान से अनुपस्थित रहता है तो संबंधित संस्थान उनसे संपर्क करते हुए उन्हें नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित होने बारे निर्देशित करें। यदि इसके उपरांत भी कोई प्रशिक्षणार्थी लगातार संस्थान से अनुपस्थित रहता है तो उस स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही करने उपरांत नाम काटते हुए रिक्त सीट के प्रति नया दाखिला करना सुनिश्चित करे।

उपरोक्त की दृढ़ता से पालना करना सुनिश्चित करें।

12/9/25

सहायक निदेशक (तकनीकी)
कृतेःमहानिदेशक, निदेशालय कौशल विकास एंव
औद्योगिक प्रशिक्षण,हरियाणा।

Endst. No.T-1/Online Admission/2025-26/Trg.-5/ 16517 **Dated:-** 12/09/2025

उपरोक्त की एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आगामी कार्यवाही हेतू भेजी जाती हैः–

1. नोडल अधिकारी वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
2. सहायक निदेशक (प्राइवेट आई0टी0आई0 आईज्) को प्रेषित करने हेतु।
3. एन0आई0सी0, हरियाणा को दाखिला पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

12/9/25

सहायक निदेशक (तकनीक)
कृतेः महानिदेशक, निर्देशालय कौशल विकास एंव
औद्योगिक प्रशिक्षण,हरियाणा।